पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

महावीर जयन्ती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

लखनऊः 01 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रदेशवासियों को महावीर जयन्ती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि स्वामी महावीर की आदर्श शिक्षाओं और उपदेशों की प्रांसगिकता आज भी है। उन्होंने कहा कि महापुरूषों के विचार हमारे जीवन में पवित्रता लाते हैं। हम सबको उनके विचारों को आत्मसात करते हुए देश एवं प्रदेश के विकास में सहयोग करना चाहिये।